आज का मौसम

भोपाल	↑ 33.7°	↓ 18.6°
इंदौर	↑ 34.8°	↓ 18.4°
ग्वालियर	↑ 35.4°	↓ 17.4°
जबलपुर	↑ 35.0°	↓ 21.6°

सूर्योदय- 6.23 सूर्यास्त-6.22

दैनिक
नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

टी-20 विश्वकप में भारत को ... 11

वर्ष- 74 (भोपाल: वर्ष 36 अंक 114, पृष्ठ 12) सोमवार 22 मार्च, 2021 राजधानी संस्करण. कीमत: रु. 3:00 www.naiduniaonline.com

खास-खबर

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला कोरोना पॉजिटिव पाए गए, हालत स्थिर

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। बिड़ला हाल ही में संसद की कार्यवाही में लोकसभा की अध्यक्षता करते देखे गए थे। एम्स ने रविवार को जारी एक बयान में कहा, संसद के माननीय सदस्य और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला 19 मार्च को कोविड-19 से संक्रमित पाए गए। पॉजिटिव पाए जाने के एक दिन बाद, उन्हें एम्स कोविड केंद्र में अवलोकन के लिए भर्ती कराया गया।

जम्मू में भारत-पाक सीमा पर पकड़ाया पाक नागरिक

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के सांबा सेक्टर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ ने एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया है। यह नागरिक सीमा पार कर रहा था। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने कहा कि शनिवार की रात को बीएसएफ के सतर्क जवानों ने सांबा सेक्टर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर एक पाकिस्तानी नागरिक की संदिग्ध स्थिति में भारत की ओर आते हुए देखा। उसने अंतर्राष्ट्रीय सीमा को पार कर लिया था और उसे फेंसिंग के आगे सैनिकों ने पकड़ लिया। बीएसएफ ने कहा कि इस बारे में अभी और जानकारियां ली जा रही हैं। पिछले कुछ समय से सीमा पार करके भारत में घुसपैठ करने के कई मामले सामने आए हैं।

बंगाल में भाजपा असली परिवर्तन लाकर दिखाएगी: मोदी

बांकुड़ा (एजेंसी)।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए सवाल उठाया कि उनका 'मां, माटी मानुष ' का वादा बेमानी था क्योंकि उनके 10 वर्षों के शासन में आम जनता बेहाल रही जबकि उनकी पार्टी के नेता ' मालामाल ' होते चले गए।

एक चुनावी रैली को यहां संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल में भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्थाएं मिलें, विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता मिले और महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों की आधुनिकता बढे, इसके लिए भाजपा की सरकार जरूरी है। ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति ने आपको क्या बना दिया है। आपने अपना ये असली चेहरा 10 साल पहले दिखा दिया होता तो बंगाल में कभी आपकी सरकार नहीं बनती। ये हिंसा, ये अत्याचार, ये उत्पीड़न ही करना था तो फिर मां-माटी-मानुष की बात क्यों की आपने ? प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल में 'असली परिवर्तन ' लाने के भाजपा के संकल्प का मतलब है कि यहां एक ऐसी सरकार लाना है, जो सरकारी योजनाओं का पैसा सौ फीसदी गरीबों तक पहुंचाए, 'तोलाबाजों और सिंडिकेट ' को जेल भेजे और भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि अब भ्रष्टाचार का खेल नहीं चलेगा। अब सिंडिकेट का खेल नहीं चलेगा। अब कट मनी का खेल नहीं चलेगा। बंगाल के लोगों ने ठान लिया है। दो मई को दीदी जा रही है। असॉल पोरिबोतरेन (असली परिवर्तन) आ रहा है। असली परिवर्तन बंगाल के विकास के लिए, बंगाल के गौरव को बढाने के लिए। ऐसी सरकार लाने के लिए जो गरीबों की सेवा लाने लिए। असली परिवर्तन अब बंगाल में भाजपा लाकर दिखाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ' स्कीम ' पर चलती है और टीएमसी ' स्कैम ' पर चलती है। उन्होंने कहा कि स्कीम किसी भी सरकार की हो, किसी ने भी लागू की हो लेकिन तृणमूल कांग्रेस स्कैम के लिए कोई न कोई तरीका निकाल ही लेती है। तृणमूल कांग्रेस का मंत्र ही है कि जहां स्कीम, वहां स्कैम। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि केंद्र के आयुष्मान भारत, पीएम किसान सम्मान निधि और ' डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर ' से जुड़ी योजनाओं में 'स्कैम ' संभव नहीं था इसलिए ममता सरकार ने इन्हें लागू करने से ही इनकार कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह जब चुनावी रैली को संबोधित करने सभा स्थल पहुंच रहे थे, तब उन्होंने देखा कि यहां दीदी के लोग दीवारों पर तस्वीरें बना रहे हैं जिसमें दीदी मेरे सिर पर अपना पैर मार रही हैं। मोदी ने कहा दीदी मेरे सिर के साथ फुटबॉल खेल रही हैं। उन्होंने पूछा कि आप बंगाल के संस्कार, यहां की महान परंपरा का अपमान क्यों कर रही हैं दीदी? प्रधानमंत्री ने ममता बनर्जी पर हमला करते हुए कहा कि वह अब उन्हें बंगाल के लोगों के सपनों और गरीब आदिवासी-वनवासी भाई-बहनों को ' लात'' नहीं मारने देंगे। प्रधानमंत्री ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर सवाल खड़ा करने के लिए भी ममता बनर्जी को आड़े हाथों लिया।

असम में 'डबल इंजन' की सरकार बनना तय : पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम के बोकाहाट में रैली को संबोधित करते हुए राज्य में दूसरी बार भाजपा के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनने की भविष्यवाणी की। उन्होंने कहा कि असम का विकास भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ही कर सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा किअब ये तय हो गया है- असम में दूसरी बार भाजपा सरकार। असम में दूसरी बार एनडीए सरकार। असम में दूसरी बार डबल इंजन की सरकार। आज मैं यहां बैठी हमारी सभी माताओं, बहनों, बेटियों को आदरपूर्वक कह सकता हूं कि आपने जिस जिम्मेदारी और जिन उम्मीदों के साथ भाजपा की सरकार चुनी थी, उसे पूरा करने के लिए हमने जी-जान से मेहनत की है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस राज में सवाल था कि ब्रह्मपुत्र के दोनों किनारों के बीच आपस में कनेक्टेविटी कैसे बढ़े? एनडीए के सेवाकाल में ब्रह्मपुत्र पर आधुनिक पुल बन रहे हैं, पुराने अधूरे पुलों को पूरा किया जा रहा है। काजीरंगा सहित हमारे तमाम अभ्यारण्य, हमारे वनक्षेत्र, हमारी धरोहर भी हैं, पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है और रोजी रोटी के साधन भी हैं। खुशी है कि बीते 5 साल में असम में वनक्षेत्र में वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि असम की एक और बहुत बड़ी ताकत है पेट्रोलियम और इससे जुड़े उद्योग।

देश भर में कोरोन के 43,846 नए मामले इस साल एक दिन में यह सर्वाधिक संख्या

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में पिछले चौबीस घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 43,846 नए मामले सामने आए जो इस साल एक दिन में सामने आने वाले मामलों की सर्वाधिक संख्या है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा रविवार को अद्यतन किए गए आंकड़ों के अनुसार, नए मरीजों के साथ ही देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 1,15,99,130 हो गए।

कोविड-10 के उपचाराधीन मरीजों की तादाद में लगातार 11वें दिन वृद्धि दर्ज किए जाने के बाद अब यह संख्या 3,09,087 हो गई है जो संक्रमण के कुल मामलों का 2.66 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, ठीक होने की दर गिरकर 95.96 प्रतिशत रह गई है। मंत्रालय की ओर से दिए गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले 115 दिन में प्रतिदिन सामने आने वाले मामलों में यह सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की गई। सुबह आठ बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, महामारी से 197 और मरीजों की मौत हो गई जिसके बाद मृतकों की संख्या 1,59,755 पर पहुंच गई। पिछले साल 26 नवंबर को एक दिन में संक्रमण के 44,489 मामले दर्ज किए गए थे। आंकड़ों के अनुसार, अब तक 1,11,30,288 मरीज ठीक हो चुके हैं और महामारी से होने वाली मृत्यु दर 1.38 प्रतिशत है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के अनुसार, शनिवार को 11,33,602 नमूनों की जांच की गई और 20 मार्च तक 23,35,65,119 नमूनों की जांच की जा चुकी है।

राजस्थान के आठ शहरों में नाइट कर्फ्यू, यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर नेगेटिव रिपोर्ट अनिवार्य

जयपुर (एजेंसी)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर की आशंका को देखते हुए प्रदेशवासियों की जीवन रक्षा एवं आजीविका को सुचारू रखने के लिए जनहित में आवश्यक कदम उठाये जाने का निर्णय लिया है। उन्होंने संक्रमण की रोकथाम के लिए कोविड प्रोटोकॉल की सख्ती से पालना करवाने तथा विभिन्न समारोहों में एवं कार्यक्रमों में लोगों की संख्या सीमित रूप से अनुमत करने के साथ ही कोविड उपचार एवं जांच व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए हैं।

गहलोत ने कहा कि कोरोना संक्रमण दुनिया के कई देशों के साथ ही देश के कई राज्यों में भी फिर तेजी से बढ़ रहा है। राजस्थान में भी विगत कुछ दिनों में पॉजिटिव केस की वृद्धि दर अचानक बढ़ी है। कोरोना की दूसरी लहर से लोगों का जीवन बचाने तथा आजीविका को सुचारू रखने के लिए कुछ कदम उठाना जरूरी है अन्यथा स्थिति भयावह हो सकती है।

भोपाल, इंदौर व जबलपुर में कोरोना बेकाबू

प्रदेश में 24 घंटे में 1322 नए केस

भोपाल (काप्र)। मध्य प्रदेश में कोरोना केस लगातार बढ़ते जा रहे हैं। पिछले 24 घंटे में 1322 नए केस मिले हैं। इनमें से 60 प्रतिशत से अधिक 816 मरीज केवल तीन शहरों भोपाल, इंदौर और ग्वालियर में मिले।

यहां जिस रफ्तार से कोरोना फैल रहा है, उसे कंट्रोल करने के लिए रविवार को लॉकडाउन किया गया है। चिंताजनक यह है कि कोरोना की टेस्ट संख्या बढ़ने साथ संक्रमितों की संख्या भी बढ़ रही है। इतना ही नहीं संक्रमण दर का ग्राफ भी ऊपर जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी ताजा कोरोना बुलेटिन के अनुसार भोपाल में 382, इंदौर में 326 व जबलपुर में 108 नए पॉजिटिव मिले हैं। भोपाल और इंदौर में एक्टिव मरीजों की संख्या 2 से ज्यादा हो गई है, यानी कोरोना से ठीक होने वालों से ज्यादा संक्रमित होने वालों की संख्या है। प्रदेश में एक्टिव केस का आंकड़ा 8 हजार पहुंचा। प्रदेश में कोरोना की दूसरी लहर में एक्टिव केस भी तेजी से बढ़ रहे हैं। प्रदेश में यह आंकड़ा 8 हजार पहुंच गया है। आंकड़े बताते हैं कि 1 मार्च से 20 मार्च के बीच एक्टिव केस 5 हजार से अधिक आए हैं। प्रदेश में 1 मार्च को संक्रमित मरीजों की संख्या 2901 थी, जो (शेष पेज 2 पर)

एक वर्ष में रोग नियंत्रण और अर्थ-व्यवस्था संभालने में मिली सफलता: चौहान

भोपाल (काप्र)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना वायरस के नियंत्रण के लिए जहाँ मध्यप्रदेश सरकार पूरी ताकत से कार्य कर रही है, वहीं विभिन्न जन-संचार माध्यम भी जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए रचनात्मक भूमिका निभा रहे हैं।

संचार के विभिन्न माध्यमों ने आमजनता को कोरोना से बचने के लिए निरंतर शिक्षित और जागरूक किया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बीते एक वर्ष में रोग नियंत्रण और अर्थ-व्यवस्था पटरी पर लाने में सफलता मिली है। श्री चौहान रविवार को एक राष्ट्रीय टीवी न्यूज़ चैनल के शिखर सम्मेलन कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेश में माफिया के विरुद्ध संचालित अभियान और हरियाली बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में पड़ोसी राज्य में बढ़े कोरोना के प्रकरणों का दुष्प्रभाव पड़ा है। इसके अलावा बड़े कार्यक्रमों, भीड़ भरे समारोहों और जनता की तरफ से मास्क के उपयोग के प्रति अपेक्षाकृत जागरूकता की कमी से पुनः कोरोना वायरस फैल रहा है। इसे रोकना आवश्यक है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वे आम जनता से यह अपील करना चाहते हैं कि गत एक वर्ष में अथक प्रयासों से कोरोना पर नियंत्रण का कार्य हुआ। स्थिति नियंत्रित होते हुए देख कर लोगों में लापरवाही भी दिखने लगी है। उत्सव और मेले होने लगे हैं। इस समय कोरोना वायरस खतरनाक मूड में दिखाई दे रहा है। मध्यप्रदेश (शेष पेज 2 पर)

शाह की रैली में शामिल हुए तृणमूल सांसद शिशिर अधिकारी

कोलकाता (एजेंसी)। तृणमूल कांग्रेस के लोकसभा सांसद एवं भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के पिता शिशिर अधिकारी रविवार को पूर्वी मिदनापुर के एगरा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की एक सार्वजनिक रैली में शामिल हुए। शिशिर अधिकारी ने कहा, यह मेरे आत्म-सम्मान के लिए एक लड़ाई है। मैं हमेशा एक फाइटर रहा हूं और आने वाले समय में भी ऐसा करता रहूंगा। हम फुटपाथ से आए हैं। मैं केवल वही करूंगा जो शुभेंदु कहेगा। मैं पूर्वी मिदनापुर के सम्मान की रक्षा के लिए लड़ूंगा।

बंगाल में बीजेपी ने मेनिफेस्टो में लगाई वादों की झड़ी

महिला सुरक्षा, घुसपैठ पर रोक, सीएए को लागू किया जाएगा

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले फेज की वोटिंग से चंद दिनों पहले भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने रविवार को मेनिफेस्टो जारी कर दिया। पार्टी ने मेनिफेस्टो को संकल्प पत्र नाम दिया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष समेत कई नेताओं की मौजूदगी में जारी किए गए मेनिफेस्टो में बीजेपी ने महिलाओं की सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, स्वास्थ्य, उद्योग आदि पर जोर दिया है। इसके अलावा, बंगाल में बीजेपी की सरकार बनने पर सीएए लागू किए जाने का भी वादा किया गया। मेनिफेस्टो जारी करते हुए अमित शाह ने कहा कि संकल्प पत्र में सिर्फ घोषणाएं नहीं हैं, बल्कि यह संकल्प दुनिया के सबसे बड़े दल का, एक संगठन के आधार पर चलने वाली पार्टी का है।शाह ने कहा कि हमने तय किया है कि व्यक्ति क्या, सीमा पार से परिंदा भी पर न मार पाए इस तरह की सीमा सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, पहली ही कैबिनेट बैठक में सीएए को लागू किया (शेष पेज 2 पर)

ममता भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहतीं हैं : शाह

गृहमंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर में रविवार को आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए दावा या कि ममता बनर्जी अपने भतीजे को राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनाना चाहतीं हैं। गृहमंत्री ने इस दौरान ममता बनर्जी सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। गृहमंत्री ने कहा कि ममता बनर्जी अपने भतीजे को बंगाल का अगला मुख्यमंत्री बनाना चाहतीं हैं। जबकि दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी सोनार बांग्ला बनाना चाहते हैं। अगर आप सोनार बांग्ला चाहते हैं तो भाजपा की सरकार बनाना होगा। अमित शाह ने कहा कि मैं आपको बताने आया हूं, 37 साल तक आपने कम्युनिस्टों की सरकार चुनी और फिर आपने दीदी (शेष पेज 2 पर)

लेटर विवाद पर बोले शरद पवार

मामला गंभीर, सीएम उद्धव कर सकते हैं कार्रवाई

नई दिल्ली / मुंबई (एजेंसी)।

मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परम बीर सिंह द्वारा महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों को गंभीरता से लेते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के सुप्रीमो शरद पवार ने रविवार को कहा कि यह मामला गंभीर है और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे कार्रवाई कर सकते हैं।

यह पूछे जाने पर कि क्या अनिल देशमुख को उनके पद से हटाया जाएगा। इस पर शरद पावार ने कहा कि इस विषय पर सीएम उद्धव ठाकरे से चर्चा के बाद ही कोई कदम उठाया जाएगा। इस मामले में जांच का फैसला लेने का पूरा अधिकार मुख्यमंत्री को है। सरकार के स्थायित्व पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। परम बीर सिंह ने शनिवार शाम को मुख्यमंत्री को आठ पन्नों का एक पत्र सौंपा था। इसके बाद महाराष्ट्र की सत्तारूढ़ महा विकास अघाड़ी सरकार में भूचाल आ गया। इस सरकार में राकांपा भी एक घटक दल है। बहरहाल, पत्र में परम बीर सिंह ने देशमुख पर आरोप लगाया कि मंत्री चाहते थे कि उनकी टीम का सदस्य सचिन वाजे बार और हुक्का पार्लरों से प्रति माह 100 करोड़ रुपये की उगाही करे। पवार ने यहां मीडिया से बात करते हुए कहा कि इन आरोपों की जांच के संबंध में निर्णय लेने का महाराष्ट्र के सीएम के (शेष पेज 2 पर)

केंद्रीय एजेंसियों के दबाव में हो सकते हैं परमबीर:कांग्रेस

महाराष्ट्र कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर महाराष्ट्र सरकार को अस्थिर करने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। प्रवक्ता सचिन सावंत ने कहा है कि गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाने वाले मुंबई पुलिस के पूर्व प्रमुख परमबीर सिंह केंद्रीय एजेंसियों के दबाव में हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में ऐसा पहली बार नहीं है कि किसी सेवारत अधिकारी ने सत्ता में रहने वालों के खिलाफ आरोप लगाए (शेष पेज 2 पर)

मनसुख हिरेन मौत मामले में दोषी पुलिसकर्मी और सट्टेबाज गिरफ्तार

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। इसने ठाणे के व्यापारी मनसुख हिरेन की रहस्यमयी मौत के सिलसिले में एक बर्खास्त पुलिसकर्मी और एक सट्टेबाज को गिरफ्तार किया है। मुंबई के दोषी पुलिसकर्मी विनायक बी. शिंदे (51) और क्रिकेट सट्टेबाज नरेश आर. गोर (31) को हिरेन की मौत के मामले में जांच के दौरान पकड़ा गया। हिरेन की एसयूवी स्कार्पियो, जिससे 20 जिलेटिन की छड़ें बरामद हुई थीं, उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर के पास 25 फरवरी को मिली थी। एटीएस के एक अधिकारी ने कहा कि गोर ने शिंदे और अन्य मुख्य अभियुक्त सहायक पुलिस निरीक्षक (एपीआई) सचिन वाजे के उपयोग के लिए कथित तौर पर 5 मोबाइल सिम कार्ड खरीदे। गिरफ्तार-निलंबित वाजे वर्तमान में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की हिरासत में है। नवंबर 2006 में रामनारायण गुप्ता उर्फ लखन भैया के फर्जी मुठभेड़ मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद शिंदे को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था।

प्रधानमंत्री एक महिला के ट्वीट से दुःखी हैं लेकिन असम की बाढ़ से नहीं : प्रियंका

जोरहाट (एजेंसी)। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा जोरहाट (असम) में एक रैली को संबोधित करती हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को आरोप लगाया कि वह 22 वर्षीय महिला के एक ट्वीट से दुखी हैं, लेकिन असम में आयी बाढ से तबाह हुए लोगों के लिए नहीं। मोदी के असम के चाबुआ में एक चुनावी रैली में टूलकिट और कांग्रेस की कथित साजिश का मुद्दा उठाने के एक दिन बाद पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत राजीव गांधी की बेटी ने कहा कि मोदी बाढ के दौरान लोगों की परेशानियों को लेकर चुप थे। कोरोना वायरस महामारी के दौरान ब्रह्मपुत्र में आई पिछले साल की बाढ से करीब 28 लाख लोग प्रभावित हुए थे। प्रियंका ने कहा कि मैं कल प्रधानमंत्री का भाषण सुन रही थी। उन्होंने बहुत गंभीरता से कहा कि वह एक घटना से बहुत दुखी हैं। मुझे लगा वह असम के विकास के बारे में या असम में भाजपा ने कैसा काम किया इस बारे में बोलेंगे। उन्होंने कहा कि लेकिन मैं यह सुनकर हैरान रह गई कि प्रधानमंत्री 22 वर्षीय महिला (दिशा रवि) के एक ट्वीट के बारे में बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने असम के चाय उद्योग को खत्म करने की (शेष पेज 2 पर)

सच से भाग रहे पवार, गृहमंत्री देशमुख का इस्तीफा होकर रहेगा : फडणवीस

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने गृहमंत्री अनिल देशमुख के फौरन इस्तीफे की मांग की है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच तब तक नहीं हो सकती जबतक वे पद पर बने रहेंगे।

फडणवीस ने एनसीपी नेता शरद पवार पर भी हमला करते हुए कहा कि उन्होंने यह महा विकास अघाड़ी की सरकार बनवाई, इसलिए उसका बचाव कर रहे हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष देवेंद्र फडणवीस ने रविवार दोपहर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सचिन वझे को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के आदेश पर सेवा में वापस लाया गया था। पवार साहब सच से भाग रहे हैं। शरद पवार ने रविवार को ही एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुंबई पुलिस के पूर्व कमिश्नर परमबीर सिंह की चिट्ठी से पैदा विवाद को साजिश करार दिया था। पवार ने सिंह के आरोपों को झूठा बताते हुए कहा कि यह शिवसेना-एनसीपी-कांग्रेस की गठबंधन सरकार को अस्थिर करने की कोशिश है। देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर पुलिस में भ्रष्टाचार को लेकर शिकायतों को नजरअंदाज करने का भी (शेष पेज 2 पर)

स्पेशल खबर उत्तराखंड के सीएम रावत ने दिया नया 'ज्ञान', कहा-

अमेरिका ने हमें 200 साल तक बनाया था गुलाम

रामनगर (एजेंसी)। अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले उत्तराखंड के मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने अब एक नया ज्ञान दिया है। रविवार को रामनगर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने अपने इतिहास के ज्ञान का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि भारत 200 साल तक अमेरिका का गुलाम रहा। सीएम ने कहा कि यदि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ में नहीं होता तो बेहाल हो जाता। रावत ने कहा कि अन्य देशों की तुलना में भारत कोरोना संकट से निपटने के मामले में बेहतर काम कर रहा है। वहीं अमेरिका, जिसने हमें 200 साल तक गुलाम बनाए रखा और दुनिया पर राज किया, वर्तमान समय में कोविड-19 से संघर्ष कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अलख जगाई। मैं कह सकता हूं कि यदि उनकी जगह कोई और नेतृत्व होता तो भारत का न जाने क्या हाल होता। बेहाल हो जाते, लेकिन उन्होंने हमको राहत देने का काम किया। भारत 135 करोड़ की आबादी का देश आज भी अपने को राहत महसूस करता है। दूसरे देशों की अपेक्षा, जहां अमेरिका के 200 वर्ष हम गुलाम थे। पूरे विश्व पर उसका राज था। कभी सूरज छिपता ही नहीं था, कहते थे। लेकिन आज के इस समय में वो डोल गया। पौने तीन लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। 12 करोड़ की आबादी वाला देश स्वास्थ्य में नंबर वन लेकिन मृत्यु दर आपकी इतनी ज्यादा चली गई और अभी भी हालत खस्ती है। फिर पुनः लॉकडाउन की ओर बढ़ रहा है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमें बचाने का काम किया है। रामनगर में अंतरराष्ट्रीय वानिकी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सीएम रावत ने लॉकडाउन के दौरान सरकार द्वारा बांटे गए अनाज को लेकर (शेष पेज 2 पर)

वंदे भारत मिशन के जरिए 6.7 करोड़ भारतीय वापस लाए गए

नई दिल्ली (एजेंसी)। कोविड-19 महामारी के चलते विभिन्न देशों में फंसे भारतीयों की देश वापसी के लिए चलाए गए वंदे भारत मिशन के जरिए 6.7 करोड़ भारतीयों को वापस लाया गया है। नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ट्वीट कर कहा- यह सिर्फ दुनिया भर में फंसे भारतीय नागरिकों को वापस लाने का मिशन नहीं है, बल्कि यह मिशन आशाओं और खुशी का मिशन रहा, जिसने लोगों को बताया कि इस संकट के समय में भी वे अकेले नहीं है। 6.75 करोड़ लोगों की वापसी के बाद भी यह जारी है। भारत ने अपने फंसे हुए नागरिकों को विदेश से वापस लाने के लिए 7 मई 2020 से दुनिया का सबसे बड़ा अभियान शुरू किया था। इस योजना के तहत 1.9 लाख से ज्यादा भारतीय नागरिकों को वापस लाने की योजना बनाई गई थी।